हरिभूमि

# सरगुजा-भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 27 जून 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

GRAND LAUNCHING

MEGA EVENT

27, 28, 29 JUNE 2025

Param valley

CGRERA
PCGRERA200225001882

DISCOVER A WORLD WHERE
POWER AND ELEGANCE
TRANSFORMEACHMOMENT
INTO A CELEBRATION




**Site Address :** Bijour Near By Brilliant Public School Bilaspur Chhattisgarh 495001
















## Residential Plots with all Premium Amenities.

### KEY FEATURES

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| SECL Head Quaters 4 KM | Apollo Hospital 3.2 KM | Amusement Park 1 KM | Railway Station 7 KM | Schools 1 KM | Sports Complex 1.5 KM |
| Market area 500 Meeters | College 1.5 KM | Perrol pump 1 KM | RTO Bsp 3.5 KM | Marriage Garden 1.5 KM | Banks 1 KM |

### AMENITIES

- Grand entrance
- Kids play garden
- Mandir
- Gazebo sitting
- Badminton court
- Basketball court
- Open gym area
- Gathering lawn
- Landscaped area
- 40' wide cc road
- CC TV Secured Campus
- Covered drainage
- Street light
- Separate transformer

PROJECT BY
PARAM GROUP

ARCHITECT & TOWN PLANNING
SUMIT AGRAWAL

CONTACT FOR BOOKING : 9098757543

Email : paramgroupofficial@gmail.com Website : www.paramgroups.co.in

#MGR

4




वनभूमि पर बने अवैध होटल एवं दुकानों को ढहाकर हटाया गया अवैध अतिक्रमण


(अंबिकापुर) प्रवेश प्रारंभ (अंबिकापुर)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड- इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: माखन विहार के बाजू में (कन्या परिसर रोड) अजरिमा अंबिकापुर
मो. 9203914565, 9713310420, 9203914561


## खबर संक्षेप

### पीजी कॉलेज में ऑनलाइन प्रवेश पंजीयन अब 30 तक

**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रबंधन नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन की तिथि 25 जून से बढ़ाकर 30 जून कर दी है। प्रदेश के इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते है। कॉलेज द्वारा 1 जुलाई को प्रवेश के लिए मेरिट सूची जारी की जाएगी।

### बक्साइट लोड ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर, पिता-पुत्र समेत 4 घायल

**बतौली।/सेदम।** गुरवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम कुनकुरी में तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ऑटो सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि दो अन्य लोगों को चोट आई है। घटना को अंजाम देकर भाग रहे चालक को पुलिस ने ट्रक समेत रघुनाथपुर में पकड़ लिया है। बताया जा रहा है कि ऑटो क्रमांक सीजी 15 1232 का चालक शिवनंदन सवारी लेकर जा रहा था इस दौरान एनएच 43 पर बतौली कुनकुरी के समीप बने स्पीड ब्रेकर के समीप जैसे ही चालक ने ऑटो को धीमा किया पीछे से आ रहे बाक्साईड लोड ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनटी 4672 के चालक मोहम्मद जिलानी ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ऑटो सवार 45 वर्षीय देवेन्द्र उसका 4 वर्षीय पुत्र आर्यन गंभीर रूप से घायल हो गये। पिता पुत्र आधार कार्ड बनवाने जा रहे थे। दुर्घटना में पिता-पुत्र का पैर टूट गया। इसके साथ ही घटना में बतौली बिलासपुर निवासी निर्मला पति संजय व उनकी बेटी संध्या भी घायल हो गई। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी शांतिपारा में भरत कराया गया। इसके साथ ही घटना की सूचना के बाद भाग रहे ट्रक चालक मोहम्मद जिलानी को पुलिस ने पीछा कर रघुनाथपुर में पकड़ लिया है।

### रेलवे टिकट बनाकर अफरातफरी रेलवे कर्मचारी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** मुखबिर की सूचना पर बुधवार 25 जून को रेलवे सुरक्षा बल के अपराध गुप्तचर शाखा अनूपपुर के सहायक उप निरीक्षक आर के साहू, प्रधान आरक्षक भूपेंद्र कुमार तिवारी व उनकी टीम के द्वारा शहरी रेलवे आरक्षण केंद्र बैकुंठपुर के कर्मचारी को रेल टिकटों के अवैध कारोबार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उक्त कर्मचारी के कब्जे से बड़ी मात्रा में अवैध रेल टिकट भी जप्त किया है। हिरासत में लिए गए कर्मचारी का नाम अविनाश कुमार पिता शम्भु सिंह उम्र-33 निवासी वार्ड नंबर 17 नवापारा -सरडी चर्चा, थाना- चर्चा जिला कोरिया (छग) बताया गया है जो नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर का कर्मचारी है। रेल टिकटों के अवैध कारोबार में शामिल कर्मचारी अविनाश कुमार ने पूछताछ में बताया कि संजय कुमार विश्वकर्मा निवासी अम्बिकापुर के कहने पर रेलवे का टिकट बनाता हूं। संजय कुमार विश्वकर्मा हमेशा, बनारस, मुंबई, हावड़ा, दिल्ली, चेन्नई आदि बड़े जगहों की टिकट बनवाता था जिसके एवज में उसे अच्छी खासी मोटी रकम बतौर कमीशन भी देता है। उक्त मामले के खुलासे में मुख्य भूमिका उपनिरीक्षक आर के साहू व प्रधान आरक्षक भूपेन्द्र कुमार तिवारी की रही। रेलवे पुलिस ने मामले में आरोपी कर्मी के खिलाफ रेल अधिनियम की धाराओं के तहत कार्यवाही की है।



### साइकिल धोने गए थे बच्चे, गांव में पसरा मातम

# तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत



घटना स्थल, इनसेट में मृत बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

**खास बात**
- शाम को सायकल से निकले थे घूमने

ग्राम केरजू स्थित तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। बच्चे घूमते हुए अपनी साइकिल धोने के लिए तालाब किनारे चले गए और साइकिल धोने के बाद दोनों भी तालाब में उतर गए। इस दौरान गहरे पानी में दोनों बच्चे डूबने लगे। इससे पहले की आस पास मौजूद लोगों बच्चों को बचा पाते वे गहरे पानी में डूब गये। बच्चों को किसी तरह बाहर निकालकर अंबिकापुर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दो बच्चों की मौत से परिजन शोक में है इसके साथ ही गांव में कोहराम मच गया है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

बताया जा रहा है कि क्षेत्र के ग्राम केरजू बाजारपारा निवासी संजय अग्रवाल का 9 वर्षीय पुत्र अंश अग्रवाल एवं नवीन अग्रवाल का 7 वर्षीय पुत्र आरव अग्रवाल बुधवार की शाम 5 बजे अपनी अपनी साइकिल से घूमने के लिए निकले हुए थे। घूमते हुए दोनों बच्चे गांव के मुख्य मार्ग से लगे तालाब के पास चले गये। दोनों बच्चे तालाब में अपनी साइकिल धोने के लिए उतर गये थे। संभावना जताई जा रही है कि साइकिल धोने के बाद खेल खेल में बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। बच्चों की चीख पुकार सुनकर आस पास मौजूद लोग तालाब के पास पहुंचे। जब तक लोग बच्चों को बचा पाते वे पानी में डूब चुके थे। कड़ी मशक्कत के बाद बच्चों को तालाब से बाहर निकाला गया और परिजन को इसकी सूचना दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन बच्चों को लेकर कांसाबेल अस्पताल पहुंचे जहां से उन्हें अंबिकापुर रिफर कर दिया गया। परिजन द्वारा बच्चों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बच्चों की मौत के बाद मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

## ट्रैक्टर से टकराकर नाबालिग समेत दो की मौत

**अंबिकापुर।** बीती रात मैनपाट के सपनादर में सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकराकर एक नाबालिग समेत दो लोगों की मौत हो गई। सड़क किनारे घायल पड़े लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि मैनपाट के कुनिया निवासी 13 वर्षीय फिकर साय आ. खेलावन मांझी की बहन अंबिकापुर के अस्पताल में भर्ती थी। फिकर साय रोपाखार अवराडांड निवासी सनी देवल आ. स्व. लोलो सुगा के साथ अपनी बहन का कपड़ा लेकर 25 जून की शाम अंबिकापुर जाने के लिए निकला था। युवक के बाइक की हेडलाईट काफी कमजोर थी और रौशनी कम होने कारण दोनों दरिमा से वापस कुनिया लौट रहे थे। इस दौरान रात 9-10 बजे के बीच सपनादर-अवराडांड के बीच सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर को बाइक चालक देख नहीं पाया और बाइक सीधे ट्रैक्टर से टकरा गई। इस टक्कर के बाद दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान अंबिकापुर से मैनपाट घूमने गये युवकों ने सड़क किनारे घायल पड़े नाबालिक और युवक को अपनी कार से उपचार के लिए कमलेश्वरपुर अस्पताल में भरत कराया जहां उपचार के दौरान सनी देवल और फिकर साय की मौत हो गई। इस घटना से परिजन सदमें में है। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

- मैनपाट के सपनादर में हुई घटना

### तीर धनुष के साथ कुनिया में बेहोश मिले युवक की मौत, नहीं हुई शिनाख्त

मैनपाट के कुनिया में सड़क किनारे बेहोश मिले युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस द्वारा मृतक के शव को मर्च्युरी में रखवाया गया है। मैनपाट कमलेश्वरपुर पुलिस के अनुसार 24 मई को कुनिया कैंप नम्बर 7 के समीप सड़क किनारे ग्रामीणों ने एक युवक को बेहोशी की हालत में देखा था। युवक के पास तीर धनुस पडा हुआ था और वह अचेत था। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद डायल 112 की टीम द्वारा लगभग 35 वर्षीय युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस दौरान अस्पताल में इलाज के बाद उसे होश आ गया था लेकिन वह अपने बारे में कोई जानकारी नहीं दें पाया। युवक अस्पताल में चल फिर रहा था लेकिन अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई और देर शाम युवक ने दम तोड़ दिया। ऐसे में युवक के बारे में पुलिस को कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस द्वारा मृतक के शव को मर्च्युरी में रखा गया है और आस पास के थानों से सम्पर्क कर मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

### बुझ गया घर का इकलौता चिराग

बताया जा रहा है कि मृतिक अंश अग्रवाल अपने घर का इकलौता चिराग था इसके साथ ही अराव का एक दो वर्षीय छोटा भाई भी है। इस हादसे में दो बच्चों की मौत से गांव में मातम पसर गया है। घटना के बाद परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। पीएम उपरांत गुरुवार को दोनों बच्चों के शव गांव पहुंचे जहां गमगीन माहौल में दोनों बच्चों का अंतिम संस्कार किया गया।

## नान की रिटायर्ड एजीएम के घर सोने चांदी के जेवर समेत 20 लाख की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



**खास बात**
- कोणार्क रेसीडेंसी में हुई घटनाएं, कालोनी के दो घरों का टूटा ताला

शहर के कोणार्क रेसीडेंसी में नान के पूर्व डिप्टी एजीएम के घर चोरों ने धावा बोला है। सूने मकान का ताला तोड कर अंदर घुसे चोरों ने लगभग 20 लाख रूपए तक के सोने चांदी के जेवर की चोरी कर ली है। इस घटना से कालोनी में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस, फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम द्वारा मामले की जांच की जा रही है। अब तक की जांच में कॉलोनी में चार संदिग्ध सीसीटीवी में कैद हुए है लेकिन अब तक पुलिस को चोरी के मामले में कोई अन्य सुराग नहीं मिल पाया है।

बताया जा रहा है कि गांधीनगर थाना अंतर्गत कोणार्क रेसीडेंसी के हाउस नम्बर डब्ल्यू 31 निवासी 64 वर्षीया श्रीमती ललिता बावरा पति स्व. राम कुमार बावरा नाम की सेवानिवृत्ति एजीएम है। ललिता बावरा के बच्चे बाहर रहकर पढाई करते है जबकि महिला घर पर अकेली रहती है। 23 जून की रात महिला अपने घर में ताला बंद करके अपने ससुराल पत्थलगांव के ग्राम लुढेग गई हुई थी। इस दौरान 25 जून की रात पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति को महिला के घर की सिटकनी टूटे होने और अंदर का सामान बिखरे होने की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद महिला अपने घर पहुची तो उनके होश उड़ गये। घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर सभी कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। महिला के बेडरूम में रखी आलमारी खुली हुई थी। आलमारी से 3 सोने का चैन, 2 जोड़ी सोने का कंगन, 1 नग सोने का कान का रिंग, सोने का 2 कान का टप्स, चांदी का पायल, चांदी का सिक्का, चांदी का बिझिया, चांदी का लॉकेट, सोने की 2 अंगुठी, चांदी का चैन एवं कबड में रखा नगदी 20 हजार रूपए नगद गायब था। इस घटना में महिला के घर से लगबघ 15 से 20 लाख रूपए के चोरी की आंशका जाहिर की जा रही है। इस मामले में महिला की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### एक अन्य मकान का भी टूटा ताला

चोरों ने महिला के सूने मकान के साथ ही कोणार्क कालोनी में ई-15 निवासी रणधीर नयन के सूने मकान में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। रणधीर नयन सेंट्रल बैंक में मैनेजर है और ट्रांसफर के बाद बाहर चले गये। इस लिए उनके घर पर भी ताला लगा हुआ था। हालांकि अधिकारी का ट्रांसफर होने के कारण चोरों को यहां कोई सामान नहीं मिला है। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम के साथ मौके पर पहुंची थी। जांच में पता चला की कालोनी के पश्चिम की ओर दीवार की ऊंचाई कम है और यही से चोर कालोनी में घुसे थे। चोरों की गतिविधि कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है लेकिन फिलहाल आरोपियों की पहचान नहीं हो पाई है। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने बताया कि मामले में अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश जारी है।

### बलरामपुर डीएडी कालोनी में टूटे 6 घरों के ताले

इसके साथ ही बलरामपुर जिला मुख्यालय में भी एक साथ छह घरों के ताले टूटे है। बड़ी बात यह है कि चोरी तहसील, एसडीएम कार्यालय के ठीक सामने स्थित शासकीय आवासों में हुई है। चोरों ने बीती रात जीएडी कालोनी में एक साथ छह घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। घटना के दौरान सभी मकान स्वामी किसी ना किसी काम से बाहर गए हुए थे। चोरों ने शासकीय कालोनी में कलेक्टर के स्टेनो, आत्मानंद स्कूल के शिक्षक, ईएंडएम की एसडीओ, कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ महिला भृत्य सहित अन्य लोगों के घर चोरी की है। इस चोरी की घटना से क्षेत्र में हडकंप मच गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस के साथ ही फोरेंसिक, डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंची थी। फिलहाल इस घटना में हुए नुकसान की जानकारी सामने नहीं आ पाई है। इधर शासकीय कालोनी में एक साथ छह घरों के ताले टूटने से बलरामपुर कोतवाली पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए जा रहे है। जब शासकीय कालोनी में इस तरह चोर बेखौफ 6 घरों में चोरी कर रहे है तो शहर की सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में है।

## आज मौसी के घर जाएंगे महाप्रभु, कपाट खुलने के साथ हुआ नेत्रोत्सव पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



15 दिन तक बीमार रहने के बाद गुरूवार को जगन्नाथ महाप्रभु का कपाट फिर से खोल दिया गया है। कपाट खुलने के साथ ही मंदिर में विधि-विधान से नेत्रोत्सव पूजन किया गया।

जगन्नाथ मंदिर के संरक्षक बलराम दास ने बताया कि नेत्रोत्सव पूजन की शुरूआत गौरी गणेश के पूजन से की गयी तत्पश्चात कलश तथा भगवान के चक्र का पूजन मंत्रोच्चार के साथ किया गया। दूसरे चरण में देर शाम हवन के साथ सूर्य दीपक जलाये गये तथा भगवान जगन्नाथ, बलभद्र तथा सुभद्रा की आरती की गयी। उन्होंने बताया कि गुरूवार को उभजात्रा पूजन उपरांत भगवान जगन्नाथ को मौसी के घर भेजने की तैयारियां प्रारंभ की गई। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को सुबह 9 बजे भगवान जगन्नाथ का पूजन शुरू होगा जो 12 बजे तक चलेगा। दोपहर 12.30 बजे के प्रथम पहर के मुहूर्त में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र तथा देवी सुभद्रा को रथ पर बैठाकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए दुर्गा बाड़ी स्थित उनकी मौसी के घर पहुंचाया जायेगा। मंदिर समिति एवं उत्कल समाज के अध्यक्ष मनोज कंसारी ने रथयात्रा में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को शामिल होने कहा है।

## युवक-युवती की संदिग्ध हालत में मौत, सर्पदंश की आशंका

**अम्बिकापुर।** मैनपाट कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत ग्राम परपटिया निवासी मनीता आ. स्व. मंगल पहाड़ी कोरवा (18 वर्ष) थाना क्षेत्र के ही ग्राम सुपलगा निवासी सुनील आ. मंगल कोरवा (17 वर्ष) सहित गांव के ही संदीप व अनिल के साथ शहर में मजदूरी करने आए थे। चारों पटपरिया स्थित महावीर के किराए के मकान में रहकर शहर में मजदूरी करते थे। बीती रात चारों भोजन कर जमीन पर बिस्तर लगाकर सो रहे थे। इसी दौरान रात 12 बजे मनीता पेट में दर्द व सांस लेने में परेशानी होने की बात बताई जिसके दो घंटे बाद सुनील ने भी पेट में दर्द होने तथा सांस लेने में परेशानी होने की बात अपने साथियों को बताई। दोनों तत्काल देर रात संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन सेंटर में लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत दोनों को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने दोनो को सांप काटने की आशंका जताई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## चोरी करने पहुंचे दो युवकों को ग्रामीणों ने बाइक से बांधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- वायरल हुआ वीडियो, पुलिस हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ

बलरामपुर जिले के चांदो अंतर्गत ग्राम खजुरियाडीह में बाइक चोरी करने आए दो लोगों को ग्रामीणों ने पकड़कर बाइक से बांध दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने संदेहियों की जमकर पिटाई की। वहीं ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को देने के बाद चोरों को पुलिस के सुपुर्द कर है जिसके बाद पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के चांदो थाना अंतर्गत ग्राम खजुरियाडीह में दो लोग बाइक चोरी करने के लिए आए हुए थे। इस दौरान ग्रामीणों ने दोनों युवकों को चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया और उन्हें रस्सी से चोरी की गई बाइक के साथ ही बांध दिया। ग्रामीण युवकों से चोरी को लेकर पूछताछ करने लगे। इसके बाद ग्रामीणों ने मामले की सूचना चांदो पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने चली गई। फिलहाल पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। इस बीच चोरी की शंका पर दोनों युवकों को बाइक समेत



रस्सी से बांधने का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। इस संबंध में चांदो थाना प्रभारी अमर सिंह कोमरे ने बताया कि ग्रामीणों ने चोरों को पकड़कर रखा था। पुलिस संदेहियों से पूछताछ कर रही है जिसके बाद इस मामले का खुलासा होगा।







## खबर संक्षेप



### संजय अग्रवाल सभा की आमसभा में चुने गए अध्यक्ष

**अम्बिकापुर।** श्री अग्रवाल सभा की आमसभा सर्वसम्मति से संजय मित्तल को सभा का अध्यक्ष चुना गया। सभा में उपस्थित समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने अग्रोहा-धाम के निर्माण में बढ़चढ़कर सहयोग करने एवं नवीन भवन हेतु भूमि की सहमति प्रदान की। सदस्यों ने इस सामाजिक कार्य में रोड़ा बनने वाले किसी भी व्यक्ति को समाज से तटस्थ रखने हेतु एकजुटता का परिचय दिया। सम्मेलन में अग्रसेन जयंती हेतु सर्वसम्मति से सहयोग राशि 3100 रूपये निर्धारित की गई। बैठक में सरगुजा संभागीय अग्रवाल महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पवन अग्रवाल अन्य लोगों के साथ पहुंचे। अग्रवाल सभा द्वारा उनका स्वागत किया गया। अंत में मनोज अग्रवाल ने आभार प्रदर्शन किया।

### चार दिवसीय शिविर में 269 यूनिट किया गया रक्तदान



**अम्बिकापुर।** अदाणी फाउंडेशन द्वारा छत्तीसगढ़ के सात जिलों में 20 से 24 जून तक चार दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह पहल अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के 63वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में की गई। रक्तदान अभियान के दौरान रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, रायगढ़, कोरबा, बलौदाबाजार और दुर्ग जिलों में समूह के अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों ने मिलकर कुल 2 हजार 846 यूनिट रक्तदान किया। अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज द्वारा सरगुजा में न केवल 269 यूनिट रक्तदान किया गया, बल्कि स्थानीय जैव विविधता को सहेजते हुए 37 हजार 150 से अधिक स्थानीय प्रजातियों के पौधों का रोपण भी किया गया।

### खाद की किल्लत से जूझ रहे किसान, जिपं सदस्य ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिले के विभिन्न धान सोसायटी में इन दिनों खाद की भारी कमी से किसान बेहद परेशान हैं। समय पर खाद नहीं मिलने से उनकी फसल पर संकट मंडराने लगा है। इसी गंभीर समस्या को लेकर जिला पंचायत सदस्य नरेन्द्र यादव ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए खाद की शीघ्र उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग की है। ज्ञापन में जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने उल्लेख किया है कि जिले की अधिकांश सहकारी समितियों में खाद का भंडारण नहीं हो पाने के कारण किसान दर-दर भटकने को मजबूर हैं। समय पर खाद नहीं मिलने से फसलों की बढ़वार रुक रही है और इसके चलते पैदावार पर गंभीर असर पड़ सकता है।वहीं दूसरी तरफ बाजार में खाद की पर्याप्त उपलब्धता होने के बावजूद अधिक कीमतों पर बेचा जा रहा है, जिससे किसान आर्थिक रूप से और अधिक दबाव में आ गए हैं। ज्ञापन में खाद की कालाबाजारी का भी मुद्दा उठाया गया है। बताया गया है कि कई निजी दुकानदार निर्धारित मूल्य से अधिक दरों पर खाद बेच रहे हैं, जिससे किसान आर्थिक लूट के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग किया है कि ऐसे दुकानों पर छापेमारी कर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए और सरकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है ।श्री यादव ने कहा कि खेती समय की मांग पर निर्भर होती है। यदि समय पर खाद न मिले तो किसान की मेहनत और लागत दोनों व्यर्थ हो जाएगी। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि जिला स्तर पर त्वरित पहल कर सभी धान समितियों को खाद की आपूर्ति तत्काल सुनिश्चित की जाए, ताकि किसान बेहतर तरीके से सुकून से खेती कर सकें।

### मैनपाट में दुकान बंद करने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**अंबिकापुर।** मैनपाट में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं और शराबी युवकों के उत्पात से परेशान होकर स्थानीय लोगों ने शराब दुकान बंद करने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने शराब दुकान बंद करने की मांग को लेकर सीएम के नाम तहसीलदार मैनपाट को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन मैनपाट में सड़क दुर्घटना से स्थानीय निवासी सहित पर्यटक भी असमय काल कवलित हो रहें है। पिछले छह महीने में ही 50 से ऊपर लोग हताहत हुए हैं। इन सबके पीछे मुख्य कारण शराब है। ग्रामीणों ने बताया कि मैनपाट में जब से शराब दुकान खुली है तब से सड़क दुर्घटना बढ़ गई है। साथ ही पर्यटन क्षेत्रो में असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ी है। असमाजिक तत्वों द्वारा मैनपाट के पर्यटन क्षेत्रो सहित कई जगहों पर हुल्लड़ मचाते देखे जा सकते हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि शराब दुकान तत्काल बंद करते हुए मैनपाट पहुंचने वाले सभी मार्गों पर घाट के नीचे बैरियर लगाकर मैनपाट आने वालों का एंट्री किया जाए।इस दौरान कुंजबिहारी यादव, मनोज यादव, अनीश यादव, बरकत खान, रामप्रभाव यादव, प्रभु यादव, सहित अन्य मौजूद थे।

# 7, 8 व 9 जुलाई को पूरी सरकार का जमावड़ा होगा मैनपाट में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आने वाले दिनों में भाजपा संगठन जिले के मैनपाट में एक बड़ा आयोजन करने जा रही है। जिसको लेकर युद्धस्तर पर तैयारियां शुरू हो गई है। भाजपा के सभी सांसदों, राज्यसभा सांसदों एवं विधायकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से लेकर पूरा मंत्रिमंडल, पूरी सरकार इसमें शामिल होगी।

बड़ी बात तो यह है कि इस प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं केंद्रीय गृहमंत्री भी शामिल हो रहे है। संभावित 7 से 9 जुलाई के बीच भाजपा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग मैनपाट में आयोजित होने जा रहा है। यह लगभग तय इसलिए भी माना जा रहा है क्योंकि इस बड़े आयोजन के तैयारियों को लेकर भाजपा संगठन के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, छत्तीसगढ़ के संगठन मंत्री पवन साय, गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, तीनो विधायक राजेश अग्रवाल, प्रबोध मिंज एवं रामकुमार टोप्पो, युवा आयोग अध्यक्ष विश्वविजय तोमर, अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी, पार्षद आलोक दुबे, विकास पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष अनिल सिंह कल अचानक मैनपाट पहुंचे। यहां इन लोगों ने प्रशिक्षण वर्ग के लिए शैला रिसॉर्ट, करमा रिसॉर्ट, तिब्बती कैंप सहित कई होटलों का भी निरीक्षण किया। जहां प्रशिक्षण वर्ग स्थल के साथ ही इतने बड़े पैमाने में आने वाले व्हीआईपी लोगों के ठहरने का इंतजाम हो सके।

आज दूसरे दिन शहर के भी सभी बड़े होटलों को आने वाले 7 से 9 जुलाई के बीच रूम खाली रखने को कहा जा रहा है। बारिश के मौसम को देखते हुए मैनपाट में बेहतर से बेहतर व्यवस्था रखने के सख्त निर्देश दिए जा रहे है ताकि आने वाले किसी भी व्हीआईपी को कोई तकलीफ न हो। आज दूसरे दिन भी अधिकारियों का बड़ा दल भाजपा नेताओं के साथ मैनपाट में मौजूद रहा।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी आएंगे

### राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा व केंद्रीय मंत्री श्री शाह भी आएंगे

7,8 एवं 9 जुलाई को आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण वर्ग भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश नड्डा एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी आएंगे। बताया जा रहा है कि प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा करेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह प्रशिक्षण वर्ग के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस प्रशिक्षण वर्ग में सत्ता, संगठन एवं कार्यकर्ताओं के बीच तालमेल बैठाकर चलने पर जोर दिया जा सकता है तो दूसरी ओर आमजन के बीच सरकार के चेहरे को भी चमकाने पर जोर दिया जा सकता है।



## संरक्षित जंगल की भूमि पर पक्का निर्माण कर चला रहे व्यवसाय

# वनभूमि पर बने अवैध होटल एवं दुकानों को ढहाकर हटाया गया अवैध अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर से सटे ग्राम पंचायत बकिरमा में वन विभाग ने गुरूवार को अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाकर वनभूमि में बने अवैध होटल एवं दुकानों को ढहाकर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया। विभाग ने अतिक्रमण हटाने के 10 दिन पूर्व अतिक्रमणकारियों को अंतिम नोटिस जारी कर 10 दिन के भीतर भूमि को खाली करने का निर्देश दिया था। अम्बिकापुर-बिलासपुर मार्ग स्थित सांडबार के निकट ग्राम पंचायत बकिरमा में संरक्षित जंगल पर लंबे समय से साप्ताहिक बाजार का संचालन हो रहा है। सड़क किनारे संचालित साप्ताहिक बाजार अब स्थाई मार्केट के रूप में विकसित हो गया है। बड़ी संख्या में लोगों ने बाजार के आसपास की वनभूमि पर अवैध मकान लिए हैं वहीं सड़क किनारे की वनभूमि पर वर्षों से ठेले-खोमचे संचालित हो रहे है। वन अमले की लापरवाही से व्यवसाइयों ने बाजारडांड स्थित बाजार की भूमि पर पक्के मकान बनाकर होटल व दुकानें संचालित कर रहे थे। अन्य लोग भी भूमि में ठेला लगाकर व्यवसाय कर रहे थे। वनभूमि में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर क्षेत्रवासी लगातार शिकायतें कर अतिक्रमण हटाने की मांग कर रहे थे लेकिन विभाग मामले में अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी करने के अतिरिक्त कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा था। अवैध अतिक्रमण हटाने के लगातार दबाव के बाद वन विभाग बार-बार नोटिस जारी करने का कोई प्रभाव नहीं पड़ा तो 10 दिन पूर्व विभाग ने लगभग 30 अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने निर्देशित किया था। गुरूवार को साप्ताहिक बाजार के दिन सुबह होते ही वन अधिकारी पुलिस बल के साथ जेसीबी लेकर पहुंचे एवं वनभूमि पर बने अवैध दुकानों को ढहाना शुरू किया। विभाग की सख्ती देख कोई भी अतिक्रमणकारी नहीं पहुंचा। विभाग ने साप्ताहिक बाजार में बने 5 होटल एवं दुकानों को जेसीबी से ढहाकर अतिक्रमण मुक्त कराया। विभाग वनभूमि पर बने अन्य मकानों एवं अस्थाई दुकानों को कभी भी हटाने की कार्रवाई कर सकता है। विभाग की कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा है।

**खास बात**

- सुबह होते ही वन विभाग ने शुरू की कार्रवाई, ग्राम बरिमा बाजारडांड का मामला



अतिक्रमण हटाता जेसीबी।

### की गई है कार्रवाई

अतिक्रमणकारियों को अंतिम नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने 10 दिन की मोहलत दी गई थी। निर्धारित समय के बाद वनभूमि पर बने पांच होटल व दुकानों के पक्के निर्माण को ढहाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अतिक्रमण के विरूद्ध विभाग की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

-निखिल पैकरा
रेंजर, अम्बिकापुर

### जगह-जगह अतिक्रमण

सांडबार-बरिमा मार्ग स्थित जंगल अब पूरी तरह से साफ हो गया। वन विभाग ने एक ओर बांस का प्लांटेशन वहीं दूसरी ओर सागौन का प्लांटेशन कर वनभूमि को अतिक्रमण से बचाने की कोशिश की है। बकिरमा बाजारडांड स्थित वनभूमि में साल का छोटा जंगल है। विभाग ने साप्ताहिक बाजार के पास बच्चों के लिए मिनी पार्क भी बनाया है। गांव के जूनाबांध मुहल्ले के तालाब के समीप भी बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने वनभूमि पर कब्जा कर मकान बना लिया है। जंगल का महत्व जानने वाले ग्रामीण लगातार अवैध अतिक्रमण का विरोध कर रहे हैं। ग्रामीण सम्पूर्ण अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटाने के साथ ही खाली भूमि में पौधरोपण कराने की मांग कर रहे हैं ताकि हरियाली बनी रहे।

### 10 अतिक्रमणकारियों को नोटिस

वन परिक्षेत्र मैनपाट अंतर्गत कमलेश्वरपुर बीट के सपनादर जंगल स्थित कक्ष क्रमांक पी.2344 में ग्रामीणों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर पशुपालन करने के मामले में वन विभाग ने तीन दिन पूर्व अतिक्रमणकारियों को अंतिम नोटिस जारी करने से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है। विभाग की नोटिस पर 7 ग्रामीणों ने अपना अतिक्रमण हटा लिया है जबकि तीन ग्रामीणों ने वनभूमि पर मकान बना लिया है। अतिक्रमणकारियों ने बुधवार को संगठन के वरिष्ठ नेताओं के साथ मैनपाट के भ्रमण पर पहुंचे भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल को ज्ञापन सौंपा तथा बरसात के बीच अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर रोक लगाने की गुहार लगाई।





# उपचार के दौरान महिला की मौत परिजन ने लगाया लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

सांस लेने में तकलीफ के कारण अस्पताल में भर्ती कराई गई महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। महिला की मौत के परिजन ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। इधर अस्पताल प्रबन्धन का कहना है कि महिला टीबी, बीपी, सुगर से ग्रसित थी और उसे गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था।

बताया जा रहा है कि ग्राम खड़गांव निवासी स्व भगवान दास की 48 वर्षीय पत्नी बीपी शुगर के साथ टीवी रोग से भी ग्रसित थी। महिला का लम्बे समय से उपचार चल रहा था। बुधवार की रात अचानक महिला की तबियत खराब हुई और उसे सांस लेने में परेशानी होने लगी। घरवालें महिला की हालत बिगड़ती देख रात साढ़े आठ बजे इलाज हेतु हॉस्पिटल पहुंचे जहां डॉक्टर द्वारा महिला का उपचार शुरू किया गया और उसे ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था इसके बाद भी महिला की स्थिति में कोई सुधार नही हुआ और आधे घंटे बाद महिला ने दम तोड़ दिया। महिला की मौत के बाद मौके पर मौजूद घरवालों में मातम छा गया। इधर महिला की मौत के मामले में परिजन ने लापरवाही का आरोप लगाया है। महिला के पुत्र शिवा दास ने महिला की मौत के मामले में इलाज के दौरान लापरवाही का आरोप लगाया है। युवक का आरोप है कि मरीज को जब हॉस्पिटल लाया गया तो समय पर उपचार शुरू नहीं किया गया। चिकित्सकों ने उपचार करने में देरी की जिससे उसकी हालत और बिगड़ गई। इस संबंध में उपचार करने वाले वरिष्ट चिकित्सक डॉ. जेआर कुर्रे ने बताया कि आरोप गलत है। मरीज की हालत पहले से ही काफी खराब थी। हॉस्पिटल पहुंचते ही उनका इलाज शुरू कर दिया गया था। महिला को बीपी शुगर के साथ टीवी की भी शिकायत थी।

### देवरानी आई सदमे में

इलाज के दौरान जेठानी की मौत के बाद देवरानी लक्ष्मी दास पति परमानंद 45 वर्ष सदमे में आ गई। जिसकी वजह से उसकी हालत बिगड़ने लगी और उसे सांस लेने में परेशानी होने लगी। देवरानी की हालत देख हॉस्पिटल में मौजूद घरवाले चिंतित हो गये। कुछ देर के लिए हॉस्पिटल में अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया था। मौके पर मौजूद डॉक्टर ने महिला की बिगड़ती हालत देख तत्काल उसका उपचार शुरू किया। सांस लेने में होने वाली परेशानी को देखते हुए महिला को ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया। घंटों उपचार के बाद जब महिला की स्थिति सामान्य हुई तब जाकर घरवालों ने राहत की सांस ली।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

## सड़क, पुल-पुलिया निर्माण के लिए मिली 17 करोड़ की स्वीकृति

**भैयाथान।** क्षेत्र में वर्षों से लंबित सड़क और पुल निर्माण की मांग अब साकार होने जा रही है। क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से लोक निर्माण विभाग ने लगभग 17 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। लोक निर्माण विभाग द्वारा भैयाथान के सुंदरपुर-रसौकी-नेवटाली-सलका मार्ग के डामरीकरण हेतु 403.24 लाख व सिरसी-कुसमुसी मार्ग पर गोबरी नदी पर पुल एवं पहुंच मार्ग हेतु 510.42 लाख रूपए की स्वीकृति मिली है। ओड़गी के लांजित-सौहार मार्ग स्थित महान नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग हेतु 741.43 लाख रूपए की स्वीकृति मिली है। क्षेत्रवासी लम्बे समय से इन कार्यों की मांग उठाते रहे है। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की पहल पर 1655.09 लाख रूपए की स्वीकृति मिली है। जल्द सड़के व पुल-पुलियों का निर्माण प्रारंभ होने से क्षेत्रवासियों को काफी राहत मिलेगी।



## खाद की किल्लत, कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**लखनपुर।** समितियों में खाद की किल्लत को लेकर जिलेभर में विरोध प्रदर्शन का दौर जारी है। इस बीच विकासखंड में भी कांग्रेस पार्टी के साथ ही किसानों ने खाद की कमी को लेकर विरोध प्रदर्शन करने के साथ ही राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। बता दें कि मानसून शुरू होने के साथ ही किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुटे हुए है। इस बीच समितियों में खाद की किल्लत से किसानों की समस्याएं बढ़ गई है। ऐसे में गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा ग्राम लहपटरा स्थित अमेरा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में विरोध प्रदर्शन करने के साथ ही राज्यपाल के नाम समिति प्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर किसानों को खाद बीज उपलब्ध कराये जाने की मांग की है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सहकारी समितियों में खाद बीज उपलब्ध नहीं होने से किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान को समय पर खाद बीज नहीं मिलने से कृषि कार्य पिछड़ सकता है। समितियों में डीएपी और एनपीके खाद उपलब्ध नहीं है। इसकी कमी से कृषकों के धान और मक्के की फसल की पैदावार 25 से 30 प्रतिशत तक नुकसान होगा। किसानों ने आरोप लगाया है कि जबरन पर्ची काटकर किसानों को टेंनटन धान बीज दिया जा रहा है। इस संबंध में समिति प्रबंधक जगदीश राजवाड़े ने कहा कि उच्च अधिकारियों से बात की गई है एक सप्ताह के भीतर किसानों को खाद उपलब्ध करने का प्रयास रहेगा साथ ही टिनटिन धान कृषि विभाग के अधिकारियों के द्वारा किसानों से बातचीत कर दिया जा रहा है। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री अमित सहदेव, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंहदेव, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राम सुजान द्विवेदी, इरशाद खान, शराफत अली, सतेंद्र राय, जागरोपण यादव, अजहर राम चौधरी, विनोद सिंह पैकरा, राजेश सिंह पैकरा, भानु राजवाड़े, जसीम खान, श्याम लाल राजवाड़े, मोहरलाल राजवाड़े, कपिल दास, मंबोध राजवाड़े, राजेश, नंदेश्वर, कृष्ण राम, गुरु प्रसाद सहित अन्य मौजूद थे।

- राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# आपातकाल एवं लोकतंत्र की हत्या के विषय पर संगोष्ठी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भारतीय जनता पार्टी परसा मण्डल में आपातकाल एवं लोकतंत्र की हत्या के विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप मे डॉ. शिव मंगल सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की तत्कालीन कांग्रेस के प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी की सलाह पर राष्ट्रपति फाकरूदीन अली अहमद ने अनुच्छेद 352 के तहत 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की यह काला दिन इलाहाबाद उच्च न्यायालय का वह फैसला जिसने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव रद्द होने पर किया गया। श्रीमती गाँधी द्वारा आंतरिक अशांति का बहाना कर भारत में आपातकाल थोप दिया। यह निर्णय किसी युद्ध या विद्रोह के कारण नहीं बल्कि अपने चुनाव को रद्द किये जाने और अपनी सत्ता बचाने के लिए हताश में लिए गए निर्णय था। श्री सिंह ने कहा जब कांग्रेस की सत्ता संकट में आती है। कांग्रेस संविधान और देश की आत्मा को ताक में रखने से बाज नहीं आते। आज 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है आज सिर्फ तरीकों का बदलाव हुआ है नियत आज भी वैसे ही तानाशाह वाली है इंदिरा गाँधी में मिशा जैसे काले कानून के जरिये 1 लाख से अधिक देश के नागरिकों को जैल मे ठुस दिया। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंर्द मोदी के बागडोर मे भारत निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश मे विष्णु देव साय की सरकार राज्य को अग्रिणी बनाने मे कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं वही कांग्रेस टांग खीचने मे अपनी पूरी ताकत लगा रही है। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष संतोष जायसवाल, बसंत गिरी, श्रीमती रूपा गुप्ता,जगजीवन पैंकरा, राहुल पैंकरा, विकास केशेरी, रोशन गुप्ता, धर्मेंद्र जायसवाल, भूरा गिरी, विश्वजीत जायसवाल, तपन विश्वास, अन्जय, सिया राम गिरी, राहुल सिंह, मनोज बारी, शैलेन्द्र दागी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आपातकाल एक लोकतांत्रिक देश पर काला धब्बा : शकुंतला सिंह पोर्ते

**प्रतापपुर।** नगर में जिला स्तरीय प्रदर्शनी एवं सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते एवं विशिष्ट अतिथियों, मीसा बंदी एवं जनसमुदाय शामिल हुआ। विधायक शकुंतला सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि आपातकाल एक लोकतांत्रिक देश पर एक काला धब्बा था जिसे मौजूदा कांग्रेस सरकार ने अपने हित के लिए इस देश पर थोपा, भारत के इतिहास के उस काले दौर आपातकाल को स्मरण किया। जब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक अधिकारों को कुचला गया था। यह आयोजन न केवल उस संघर्षपूर्ण समय की याद दिलाता है, बल्कि हमें लोकतंत्र की रक्षा के प्रति और भी अधिक सजग और संकल्पबद्ध करता है। इस दौरान मुकेश अग्रवाल, अक्षय तिवारी, मानती योगेंद्र सिंह, चंद्रमणि, अजीत शरण सिंह, लक्ष्मी गुप्ता, अवधेश पांडे, आनंद शुक्ला, गुलाब तिवारी, अंबिका जायसवाल, गिरीश पटेल, अंकुर जायसवाल, विजेंद्र कश्यप, विक्रम सिंह, नीलम धर्मेंद्र श्रीवास्तव, एसडीएम ललिता भगत, नगर पंचायत सीएमओ यूसीप्रिया एक्का, तहसीलदार, राकेश मोहन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
11 यात्री बुकिंग पर एक यात्री फ्री
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
16 जुलाई, 16 अगस्त, 6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411